Jharkhand Academic Council, Ranchi

BLUE PRINT

CLASS 8TH
BOARD EXAM '2019'
विषय – भाषा – हिन्दी

क्रम	पाठ्य प्रकार	पाठ्यक्रम	अंक विभाजन	अधिभारिता
I	पढ़ना –	i) पठित गद्यांश/पद्यांश	1 x 03 = 03	15%
		ii) अपठित गद्यांश	1 x 02 = 02	10%
II	लिखना –	शब्द, वाक्य, आवेदन पत्र, वार्त्तालाप इत्यादि	1 x 03 = 03	15%
III	व्याकरण –	उपसर्ग, प्रत्यय, सन्धी, समास, समानार्थी, विपरीतार्थक, लिंग–निर्णय, मुहावरे, लोकोक्ति इत्यादि	1 x 05 = 05	25%
IV	पाठ्य पुस्तक (भाषा मंजरी)	अध्याय आधारित	1 x 07 = 07	35%
		कुल	20 प्रश्न	100%

MODEL QUESTION PAPER
CLASS 8th BOARD EXAM- 2019
विषय– हिन्दी

पूर्णांक – 20

निर्देश (Instructions)

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं

सही विकल्प चुनिए

Choose the right option.

सभी प्रश्नों के मान समान हैं।

I निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न क्रम संख्या 1 से 3 तक के उत्तर चुनिए –

'कार्निवल के मैदान में बिजली जगमगा रही थी। हँसी और विनोद का कलनाद गूँज रहा था। मैं खड़ा था उस छोटे फुहारे के पास, जहाँ एक लड़का चुपचाप शरबत पीने वालों को देख रहा था। उसके गले में फटे कुरते के ऊपर से एक मोटी–सी सूत की रस्सी पड़ी थी और जेब में कुछ ताश के पत्ते थे। उसके मुँह पर गंभीर विषाद के साथ धैर्य की रेखा थी। मैं उसकी ओर न जाने क्यों आकर्षित हुआ।'

1 लेखक किसकी ओर आकर्षित हुआ ?
   - A. शरबत पीने वाले
   - B. लड़के
   - C. फुहारे
   - D. सूत की रस्सी।

2 कार्निवल के मैदान का माहौल कैसा था ?
   - A. खुशनुमा
   - B. विषादनुमा
   - C. नीरस
   - D. अजीब।

3 'विषाद' शब्द का सही अर्थ है –
   - A. जहर
   - B. खुशी
   - C. गर्व
   - D. दुःख।

II नीचे बॉक्स में प्रश्न संख्या 4 से 6 अंकित हैं। मित्र को लिखे गए पत्र से संबंधित खाली स्थानों को उचित विकल्प चुनकर पूरा कीजिए –

राँची

11 दिसम्बर 2018

प्रिय मित्र संतोष

[4]

……………

आज [5] …….. विद्यालय की तरफ से पिकनिक गए। वहाँ हमने खूब मस्ती की। तुम्हारी बहुत याद आ रही थी। अगली बार तुम जरूर चलना।

हमने कई [6] .... खेले। खाना भी खाया और शाम को सभी घर लौट गए। शेष मिलने पर।

तुम्हारा मित्र

अनुज

4 (a) चरण स्पर्श (b) प्रणाम (c) नमस्ते (d) सादर प्रणाम।

5 (a) हमलोग (b) तुम (c) वह (d) आपलोग।

6 (a) कविता (b) गीत (c) मनोरंजन (d) खेल।

III नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 7 और 8 के उत्तर दीजिए –

प्रकृति ने हमें बहुत कुछ दिया है। सूर्य हमें प्रकाश और गरमी देता है। सूर्य के कारण ही वर्षा होती है, जिससे तरह–तरह की वनस्पतियाँ पैदा होती हैं। सूर्य ही अन्न को पकाता है और फलों में रस भरता है। वृक्ष हमें फल देते हैं, हरियाली और छाया देते हैं तथा प्राणदायिनी ऑक्सीजन भी देते हैं। वृक्षों के फल–फूल और जड़ से तरह–तरह की दवाइयाँ बनती हैं। सागर और नदियाँ जल के अक्षय भंडार हैं। हम इनके लिए प्रकृति के आभारी हैं। हम प्रकृति के इस ऋृण को तभी चुका सकते हैं, जब उसकी दी हुई चीजों का दुरूपयोग न करें।

7 वृक्ष हमें कौन सी प्राणदायिनी चीज देते हैं –

(a) नाइट्रोजन (b) ऑक्सीजन (c) ऑर्गन (d) कार्बन डाई ऑक्साइड।

8 प्रकृति का ऋृण हम कैसे चुका सकते हैं ?

A. प्रकृति द्वारा दी गई चीजों का दुरूपयोग कर
B. प्रकृति द्वारा दी गई चीजों का सदुपयोग कर
C. प्रकृति द्वारा दी गई चीजों के प्रति उदासीन रहकर
D. प्रकृति का ऋृण नहीं चुका सकते।

9 'पुष्प की अभिलाषा' शीर्षक कविता में पुष्प किसके प्रति समर्पित है –

A. मातृभूमि और वीर
B. किसान
C. देवी–देवता
D. सुरबाला।

10 'बड़े भाई साहब' शीर्षक कहानी में लेखक के बड़े भाई ने लेखक के सामने पढ़ाई का कैसा चित्र खींचा ?

A. खुशनुमा
B. आड़ा–तिरछा
C. सीधा
D. भयानक।

11 'पथ की पहचान' शीर्षक कविता में कवि ने स्वप्न पर मुग्ध होने से मना क्यों किया है ?

A. सपने सच होते हैं
B. सपने पथ की बाधा होते हैं
C. सपने सत्य से परे होते हैं
D. सपने बेकार होते हैं।

12 'राम का भरत को संदेश' शीर्षक पाठ में राम ने किसे समझाने का प्रयास किया है ?

A. लक्ष्मण
B. सीता
C. भरत
D. शत्रुध्न।

13 ‘हुंडरू जलप्रपात’ की ऊँचाई कितनी है?

A. 200 फुट
B. 243 फुट
C. 150 फुट
D. 143 फुट।

14 ‘गुरू–शिष्य’ शीर्षक संस्मरण में लेखक ने किस महान व्यक्ति का पुण्य स्मरण किया है?

A. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
B. गोस्वामी तुलसीदास
C. आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी
D. आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी।

15 ‘तालाब बाँधता धरम सुभाव’ शीर्षक निबंध में ‘जुड़े भारत का प्रतीक’ किस तालाब को कहा गया है?

A. बिंदुसागर
B. हिम सागर
C. अरब सागर
D. डल झील।

16 ‘शीश’ शब्द का तद्‌भव रूप दिए गए विकल्पों में से कौन–सा है?

A. सिर
B. शरीर
C. शशि
D. सूर्य।

17 विपरीत अर्थ बताने वाले शब्द युग्मों में से गलत युग्म का चुनाव कीजिए –

A. राग – विराग
B. जय – विजय
C. सूक्ष्म – स्थूल
D. सभ्य – असभ्य।

18 उत् + ज्वल की संधि से कौन सा शब्द बनेगा। सही विकल्प का चुनाव कीजिए –

A. उज्ज्वल
B. उज्जवल
C. उजवला
D. उजवल।

19 चरणस्पर्श – चरण का स्पर्श। यहाँ सामासिक शब्द और उसका विग्रह दिया गया है। आप इस सामासिक शब्द का समास पहचान कर सही विकल्प चुनिए –

A. द्वन्द्व समास
B. द्विगु समास

C. तत्पुरूष समास

D. बहुव्रीहि समास।

20 ‘लोहा लेना’ मुहावरे का सही अर्थ क्या है?

A. मुकाबला करना

B. लोहे की वस्तु लेना

C. बाजी लगाना

D. मित्रता करना।